हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 5 अक्टूबर 2025

04 30 दिवसीय इंग्लिश स्पोकन सॉफ्ट स्किल व ...

08 तीसरे दिन कजलास में मनाया दशहरा पर्व







## खबर संक्षेप



### सोना सीड कंपनी का किया निरीक्षण

**सीहोर।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने आष्टा स्थित सोना सीड कंपनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंपनी में गेहूं, चना और मसूर के बीजों के उत्पादन कार्यों की जानकारी ली और संपूर्ण प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बीज उत्पादन एवं प्रसंस्करण कार्य को निर्धारित मानक प्रक्रिया के अनुसार संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, मानकों के अनुरूप पैकिंग करने तथा भंडारण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंपनी के उत्पाद रजिस्टर, प्लांट रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों एवं जानकारी का भी परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज किसानों तक पहुँचाना विभाग की प्राथमिकता है, जिससे उनकी उपज और आय दोनों में वृद्धि हो सके।

### सोयाबीन कटाई के बाद गेहूं की फसल की बुवाई का कार्य शुरू करेंगे किसान

# खाद केंद्रों पर किसानों की भीड़: लंबी-लंबी कतार में खाद के लिए कर रहे मशक्कत

शुक्रवार को कई खाद विक्रय केंद्रों पर किसान सुबह से ही पहुंच गए थे, लेकिन दोपहर 12 बजे तक भी केंद्र नहीं खुले।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में गेहूं की बुवाई से पहले किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है।किसानों को मुश्किल से खाद मिल पा रही है। खाद विक्रय केंद्रों पर सुबह से ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है, लेकिन केंद्रों के देरी से खुलने के कारण उन्हें लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है।

### सुबह से कतार में किसान पर दोपहर तक केंद्र नहीं खुला

जानकारी के अनुसार, इससे पहले सोयाबीन बुवाई के समय भी इसी तरह का खाद संकट उत्पन्न हुआ था। शुक्रवार को कई खाद विक्रय केंद्रों पर किसान सुबह से ही पहुंच गए थे, लेकिन दोपहर 12 बजे तक भी केंद्र नहीं खुले। किसानों ने अपनी बही (बहीखाता )कतार में लगाकर इंतजार किया, उसके बाद नंबर आने पर उन्हें खाद का वितरण किया गया। वर्तमान में सीहोर जिले के अधिकांश खेतों में सोयाबीन की कटाई चल रही है। इसके तुरंत बाद किसान गेहूं की फसल की बुवाई का कार्य शुरू करेंगे। इसीलिए वे अभी से खाद खरीदने के लिए सीहोर जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें आसानी से खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी अनिल जाट ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि किसी एक केंद्र पर अधिक संख्या में किसान खाद लेने पहुंच गए हों, जिससे भीड़ बढ़ गई हो।

## सभी जिलों को मुआवजा, क्यों छूटा सीहोर जिला, जिले के किसानों को मुआवजा दे सरकार: राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी कर बताया कि राज्य सरकार की सूचि में लगभग 26 से 30 जिले के किसानों को मुआवजी की राशि दी जाने की घोषणा प्रदेश में जिलों की लिस्ट जारी की है, जिसमें लगभग 680 करोड़ की राशि किसानों के खाते में ट्रांसफर की जायेगी, परन्तु बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि भारत सरकार के कृषि मंत्री सीहोर गृह जिला होने के बावजूद भी सीहोर जिले का नाम लिस्ट में नही हैं, जबकि विगत दिनों शिवराज सिंह चौहान द्वारा सीहोर से बायपास पर पत्रकार बन्धुओं के सवाल पर जवाब देते हुए अधिकारियों को सीहोर जिले के पीड़ित किसानों की फसल का तुरन्त सर्वे कर खराब फसल का मुआवजा दिये जाने के मौखिक रूप से निर्देश दिये थे।

### सरकार से किया सीधा सवाल

जिले के किसानों की तरफ से सीधा सवाल सरकार से करते हुए कहा है कि सीहोर जिले की जनता को क्या सीहोर जिले में चारों सीटें जिताने की सजा दी जा रही है क्या यह चारों विधायक और सांसदों की सहमति है कि किसानों की फसल का कोई नुकसान नहीं हुआ। कुछ हफ्ते पहले खेत-खेत घूमने वाले अधिकारी और विधायक क्या सिर्फ फोटो खिंचवाने गए थे। यदि भाजपा सरकार और आला अधिकारियों को लगता है कि अगर खेतों में नुकसान नहीं था, तो सर्वे क्यों किया गया और अगर नुकसान था, तो फिर अब तक मुआवजा क्यों नहीं मिला। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूछना चाहता हूं कि क्या आप सभी की सहमति है कि किसानों को मुआवजा नहीं मिलना चाहिए या आप लोग खुद सरकार से सवाल नहीं कर पा रहे हैं।

## 1000 किमी का सफर और 200 सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल के बाद चोरी हुआ डंपर किया बरामद



**सीहोर।** 27 सितंबर को को रात 02:00 बजे से सुबह 6 बजे के बीच मालीपुरा जोड़ क्षेत्र में स्थित कमल मेवाड़ा के मकान के पास खड़ा एक डंपर अज्ञात चोर चोरी करके ले गए थे। फरियादी द्वारा चोरी गए डंपर की कीमत लगभग 35 लाख बताई गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश आमलकर के मार्गदर्शन में वाहन चोरी के संबंध में अपराध क्रमांक 321/25, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 (BNS) के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी पार्वती हरी सिंह परमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक अजय जोझा, सहायक उप निरीक्षक हीरेश सोनी, प्रधान आरक्षक दिनेश सिसोदिया, महेंद्र मेवाड़ा, आरक्षक नितिन वर्मा, शैलेंद्र पटेल, चंद्रभान सेन, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सुशील साल्वे एवं आरक्षक शैलेंद्र सिंह की एक विशेष टीम गठित की गई। घटना के दिनांक से ही थाना पार्वती पुलिस की विशेष टीम सक्रिय हो गई थी और डंपर का पीछा करना शुरू कर दिया था। तकनीकी साधनों, साइबर सर्विलांस और स्थानीय मुखबिरी के सहयोग से टीम लगातार डंपर की लोकेशन का पता लगाती रही।

टीम ने लगातार डंपर की लोकेशन ट्रैक करते हुए 1000 किलोमीटर का लंबा सफर तय किया और जांच के दौरान लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस ने मात्र 6 दिनों के भीतर ही चोरी गया डंपर राजस्थान के थांवला थाना क्षेत्र, जिला नागौर से बरामद कर लिया। पुलिस की घेराबंदी देख अज्ञात चोर वाहन छोड़कर फरार हो गए। तत्पश्चात पुलिस टीम ने चोरी गया डंपर (वाहन क्रमांक MP 37 GA 2677) बरामद कर थाना पार्वती में सुरक्षित ला दिया।

### कमिश्नर-कलेक्टर कांफ्रेंस 7 और 8 अक्टूबर को

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 7 एवं 8 अक्टूबर 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाली कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। विषय संयोजक को प्रस्तुति के लिए अधिकतम 20 मिनट मिलेंगे और प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बतायी जायेंगी। राज्य सरकार के विजन के अनुरूप केन्द्र और राज्य सरकार की क्षेत्रीय प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ 5 और कमजोर 5 जिलों की समीक्षा की जायेगी। कांन्फ्रेंस में कलेक्टरों के सुझावों पर ध्यान केनद्रित कर आने वाली विशिष्ट समस्याएं और मुद्दे तथा जिला स्तर पर उस क्षेत्र के साथ अन्य किसी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार पर चर्चा की जायेगी।

## नशा शरीर और दिमाग दोनों को भारी नुकसान पहुंचाता:मनोज दीक्षित मामा



**सीहोर।** स्वस्थ रहने के लिए नशा छोड़ना ज़रूरी है क्योंकि नशा शरीर और दिमाग दोनों को भारी नुकसान पहुंचाता है, जिससे रक्तचाप, हृदय रोग और शुगर जैसी बीमारियाँ हो सकती हैं, और नशा छोड़ने से इन समस्याओं में सुधार होता है। नशा छोड़ने के बाद व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से ज़्यादा स्वस्थ होता है, और वह अपनी ऊर्जा को रचनात्मक कामों में लगा पाता है, जिससे जीवन में सकारात्मकता आती है।

उक्त बात शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत अभियान के दौरान शनिवार को तीसरे दिन मनोज दीक्षित मामा ने कही। उन्होंने बताया कि श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के सहयोग से मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के निर्देश पर किया जा रहा है। शनिवार को बड़ी संख्या में युवाओं को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। श्री दीक्षित ने कहाकि नशा छोड़ने से रक्तचाप, हृदय रोग और शुगर जैसी पुरानी बीमारियों में सुधार होता है। शरीर पोषक तत्वों को बेहतर ढंग से अवशोषित कर पाता है, जिससे समग्र स्वास्थ्य बेहतर होता है। वहीं संस्कार मंच के जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि स्वस्थ्य रहने के लिए नशा मुक्त होना बहुत जरूरी है। धूम्रपान गंभीर बीमारियों की जड़ है। अत इससे सभी को बचना चाहिए। नशा चाहे शराब का हो या तम्बाकू, गुटका, सिगरेट, बीडी या फिर गांजा, स्मैक का ही क्यों न है, सभी मानव के जीवन के लिए घातक हैं। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के उपसंचालक महेश यादव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसका समापन आठ अक्टूबर को किया जाएगा।

## 72 घंटे में नगर की 5 दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की राड व चोरी गया मसरूका बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



30 सितंबर को फरियादी नागेन्द्र यादव निवासी पुरानी एसबीआई बैंक के पास भैरूंदा नें रिपोर्ट किया कि उसकी नीलकण्ठ रोड पर स्थित आनलाईन ग्राहक सेवा केन्द्र की दूकान पर दिनांक 28,29/09/2025 के मध्य रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति इसकी ऑनलाइन की दूकान की शटर, रघुवीर पंवार की कपड़े की दुकान, आकाश पंवार और रघुवीर यादव की मोबाइल की दुकान और चन्द्रशेखर की जनरल स्टोर की दुकान का ताला तोडकर नगदी रुपया, कपड़े, मोबाइल ऐसेसीरीज आदि चोरी कर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 539/25 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस का पंजीबद्द कर अनुसंधान मे लिया गया।

सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अज्ञात चोर द्वारा एक ही रात में कई दुकानों के ताले तोड़ने की घटना की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए, निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत व एसडीओपी श्री रोशन जैन के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरूँदा द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु दो विशेष टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा आरोपीगण की तलाश हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त की गई। घटना स्थल के आसपास और रास्ते में लगे कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए जिसके परिणाम स्वरुप संदेही धर्मन्द्र उर्फ कृष्णा को चिन्हित कर उसकी पहचान स्थापित की गई और उसको हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसके द्वारा घटना दिनांक की दरमियानी रात नीलकण्ठ रोड स्थित 05 दुकानों का ताला तोडकर उसके अन्दर से करीब 70 हजार रूपये नगदी, कपडे, मोबाईल एसीसीरिज पावर बैंक व एयरफोन चोरी करना बताया। चोरी किये पैसे मे से इन्दौर व आसपास घूमने व खाने पीने में खर्च करना बताया और शेष बचे 4500 रूपये नगदी, सर्ट पेंट, मोबाईल एसीसीरिज पावर बैंक, एयर फोन व घटना में इस्तेमाल लोहे की राड व चेहरा छुपाने में उपयोग किए गमछे को उसके निवास स्थान ग्राम जाट मुहाई से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से वारंट प्राप्त होने पर जेल भिजवाया गया।

## शरद पूर्णिमा उत्सव में होंगे शामिल, सीएम मोहन भी आएंगे, तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

### 7 अक्टूबर को शिवराज सिंह चौहान का दौरा



**सीहोर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। समर्पण सेवा समिति और अखिल भारतीय गुरु भक्त मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई मंत्री शामिल होंगे। यह आयोजन सलकनपुर स्थित स्वामी उत्तम सेवा धाम आश्रम में होगा।

कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला कलेक्टर बाला गुरु के. और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने उत्तम सेवा धाम आश्रम का दौरा किया। उन्होंने मुख्य अतिथियों की सुविधा के लिए हेलीपैड और पार्किंग सहित अन्य व्यापक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

**7 अक्टूबर को कार्यक्रम :** समर्पण सेवा समिति के अध्यक्ष तपन भौमिक ने बताया कि 7 अक्टूबर को प्रस्तावित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पूज्य 1008 महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी जी महाराज, संत रामदास त्यागी और संत संपूर्ण आनंद महाराज का सान्निध्य भी प्राप्त होगा। भौमिक ने जानकारी दी कि विंध्याचल पर्वत की तलहटी में स्थित महर्षि उत्तम सेवा धाम आश्रम सलकनपुर को परम पूज्य महामंडलेश्वर 1008 उत्तम स्वामी महाराज की तपोस्थली के रूप में विकसित किया गया था। स्वामी जी ने विंध्याचल पर्वत पर कठिन तपस्या की थी। कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा।

### आष्टा और इछावर ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों का कटा वेतन

# ई-अटेंडेंस पर भेदभाव: अतिथि शिक्षकों की नाराजगी चरम पर, ग्रामीणों भी कर रहे समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश में जुलाई से लागू हुई ई-अटेंडेंस व्यवस्था अतिथि शिक्षकों के लिए मुसीबत बन गई है। जहां शासकीय शिक्षक अब तक इसका विरोध करते हुए भी पूरा वेतन पा रहे हैं, वहीं अतिथि शिक्षकों की 8 से 10 प्रतिशत उपस्थिति ऐप में दर्ज न होने पर उनका वेतन काटने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### तकनीकी गड़बड़ियों ने बढ़ाई परेशानी

कई अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल न होने, नेटवर्क समस्या, सर्वर डाउन और प्रोफाइल फोटो अपडेट न होने जैसी तकनीकी खामियों के कारण दर्ज नहीं हो पाई। कुछ शिक्षकों की तो पूरे दो माह की ई-अटेंडेंस भी नहीं लग सकी। जबकि मैन्युअल उपस्थिति 100 प्रतिशत रही है और प्राचार्य/हेड मास्टर की निगरानी में उनकी हाजिरी प्रमाणित की गई है।

### ऑफलाइन हाजिरी मान्य की जाए

अतिथि शिक्षकों का कहना है कि जब उनकी उपस्थिति रोज़ स्कूल स्तर पर दर्ज की गई है, तो सिर्फ ऐप की तकनीकी समस्या के कारण वेतन काटना अन्याय है। संगठन ने 18 जुलाई को ही एसडीएम, कलेक्टर और डीईओ को ज्ञापन देकर स्पष्ट किया था कि जब तक सामान्य छुट्टी (CL, OL, मेडिकल, मातृत्व अवकाश, OD) जैसी सुविधाएं नहीं मिलेंगी, तब तक ई-अटेंडेंस पर सवाल बने रहेंगे।

### गांव भी आए समर्थन में

अब इस मुद्दे पर ग्रामीण और सरपंच भी शिक्षकों के साथ खड़े हो गए हैं। उनका कहना है कि जब शिक्षक प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई करा रहे हैं, तो सरकार को उनकी तनख्वाह रोकने का अधिकार नहीं है। यदि अतिथि शिक्षकों का दो माह से रुका वेतन जारी नहीं किया गया, तो ग्रामीण आंदोलन में उनका साथ देंगे।

**अतिथि संगठन का आरोप :** अतिथि शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि यह साफ पक्षपात है। शासकीय शिक्षक बिना ई-अटेंडेंस के पूरा वेतन ले रहे हैं, जबकि अतिथि शिक्षक मेहनत के बावजूद वंचित किए जा रहे हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जुलाई-अगस्त सितंबर का पूरा वेतन शीघ्र जारी नहीं हुआ तो आंदोलन की राह अपनानी पड़ेगी।

**खबर संक्षेप**

### प्रदेश स्तरीय छात्र सम्मान समारोह 26 को

**सीहोर।** ब्राह्मण एकता अस्मिता सहयोग संस्कार मंच द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय छात्र सम्मान समारोह आगामी 26 अक्टूबर को भव्य रूप से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेशभर से मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष पं. राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सहयोग और संस्कार की भावना को और अधिक सशक्त करना है। इसी अवसर पर मंच की आगामी कार्ययोजना और जनकल्याणकारी गतिविधियों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाएगी। प्रवक्ता पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा एवं प्रोफेशनल परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थी अपनी अंक सूची पासपोर्ट फोटो एवं मोबाइल पर उपलब्ध करा सकते हैं। ब्राह्मण समाज के वे परिवार, जिनमें तीन पीढ़ियां संयुक्त रूप से रह रही हैं, उनका भी विशेष सम्मान किया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों का भी सम्मान किया जाएगा।

### विजयादशमी उत्सव को लेकर 12 अक्टूबर तक होंगे आयोजन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर नगर में आज निकलेगा पथ संचलन

यह संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरने के बाद कार्यक्रम स्थल सीएम राइस स्कूल के खेल मैदान पर संपन्न होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष (1925–2025) की शुरुआत करने जा रहा है। इस क्रम में संघ पूरे वर्ष भर विविध राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करेगा। जिसकी शुरुआत विजयादशमी उत्सव पर शस्त्र पूजन से हो चुकी है जो 12 अक्टूबर तक सतत जारी रहेगी।

इसी क्रम में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की शुरुआत करते हुए 5 अक्टूबर रविवार को नगर भैरुंदा में एक विशाल और अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा हैं। इस विराट पथ संचलन में हजारों की संख्या में स्वयंसेवक गणवेश में अनुशासनबद्ध पंक्तियों में नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करेंगे। यह संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरने के बाद कार्यक्रम स्थल सीएम राइस स्कूल के खेल मैदान पर संपन्न होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन महत्वपूर्ण संदेशों – संगठन, अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना – का संचार करना है। जिससे समाज में एकता और राष्ट्रभक्ति का भाव और भी प्रगाढ़ हो सके।

संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में, आगामी महीनों में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो समाज के विभिन्न वर्गों और पहलुओं को छूएंगे। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है। विजयदशमी उत्सव की गतिविधियाँ 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलेंगी। सामाजिक सद्भाव बैठकें 5 से 16 नवम्बर तक आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार गृह संपर्क अभियान 20 नवम्बर से 21 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। 1 से 31 जनवरी 2026 तक हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। प्रमुख जन गोष्ठियाँ 23 से 28 फरवरी तक चलेंगी। वहीं 1 से 10 सितम्बर तक युवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन मुख्य कार्यक्रमों के अतिरिक्त, शताब्दी वर्ष में संघ सेवा, संस्कार एवं समाज-जागरण के उद्देश्य से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्य करेगा। इसके तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, पर्यावरण अभियान, संस्कार वर्ग और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।जो संघ की समाज के प्रति समर्पण की भावना को परिलक्षित करते हैं। भैरुंदा के सीएम राइस स्कूल के खेल मैदान पर संपन्न होने वाला यह विराट पथ संचलन न केवल शताब्दी वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है बल्कि आने वाले वर्ष भर के कार्यक्रमों के लिए एक प्रेरणा और उत्साह का संचार भी करेगा।

**प्रांतीय अधिकारी का प्राप्त होगा उद्बोधन :** 5 अक्टूबर रविवार को निकलने वाले पथ संचलन के कार्यक्रम मे संघ के प्रांतीय अधिकारी का उद्बोधन सभी स्वयंसेवको को प्राप्त होगा। संघ समाज मे पंच परिवर्तन(समरसता, पर्यावरण, स्व का बोध, कुटुबं प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार) के विषय पर काम कर रहा हैं। इस पंच परिवर्तन के विषय पर प्रांतीय अधिकारी स्वयंसेवको को मार्गदर्शित करेंगे।

#### यह रहेगा पथ संचलन का मार्ग पथ

पथ संचलन सीएम राईज विद्यालय से प्रारंभ होकर राज जनरल वाले गेट से बाहर निकलकर जेपी मार्केट, रायल मार्केट, गांधी चौक छोटा बाजार, परिहार जी वाली गली से किसान मौहल्ला, भदभदा रोड से होते हुए, सीहोर नाका, सीहोर रोड, मुकेश शर्मा जी के घर के सामने से यूटर्न लेकर, सीहोर नाका, इन्दौर भोपाल रोड, दुर्गा मन्दिर चौराहा, सर्वहारा कालोनी, सेठी मार्केट, सोनी फ्लेक्स के सामने से, दुर्गा चौक, गणेश चौक, शनि मंदिर, कृषि मण्डी के सामने से यूटर्न लेकर, नीलकंठ रोड,दाना बाबा चौराहा, जेपी मार्केट, राज जनरल वाले गेट से सीएम राईज प्रांगण में समापन होंगा।



फाइल फोटो

### 30 दिवसीय इंग्लिश स्पोकन सॉफ्ट स्किल व पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर एवं एसबीसीजीसी उन्नति फाउंडेशन, बेंगलुरु के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 30 दिवसीय इंग्लिश स्पोकन, सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम के प्रथम 02 बैच का सफलतापूर्वक समापन आज दिनांक 3 अक्टूबर 2025 को किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन सत्र में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. हुमा अख्तर ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं भाषा दक्षता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षकऔर विद्यार्थियों को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ दीपक बकोरिया द्वारा किया गया। इस 30 दिवसीय इंग्लिश स्पोकन सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट का प्रशिक्षण दे रहे हैं उन्नति फाउंडेशन के प्रशिक्षक सचिन मीणा द्वारा इन 30 दिवस में विद्यार्थियों को क्या-क्या सिखाया गया उसके बारे में संक्षिप्त में बताया गया । इस अवसर पर प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्य डॉ. रेखा राजपूत, डॉ. अजय पाल प्रजापति भी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों को सतत प्रयास और आत्मानुशासन अपनाने का संदेश दिया। समापन सत्र में विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा कि इस प्रशिक्षण से उनमें आत्मविश्वास और संवाद कौशल का विकास हुआ है।

## रोटरी व इनर व्हील क्लब के तत्वावधान में निशुल्क कैंसर शिविर में मरीज मिले

**सीहोर।** शनिवार को शहर के तहसील चौराहे पर रोटरी क्लब एवं इनर व्हील क्लब सीहोर द्वारा आयोजित निःशुल्क स्तन कैंसर मेमोग्राफी जांच एवं सर्वाईकल कैंसर जांच शिविर में विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। शिविर का आयोजन इंदौर के अरविन्दो अस्पताल के सहयोग से किया जा रहा है। पहले दिन शिविर में करीब 282 से अधिक मरीजों का पंजीयन के पश्चात जांच आदि की। जांच के दौरान कैंसर के आधा दर्जन संदिग्ध मरीजों को परामर्श दिया गया। यह जिले के इतिहास में पहला विशाल निशुल्क जांच शिविर है, जिसमें रिकार्ड मरीजों की जांच और परामर्श दिया गया है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयर्गीय और इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय ने विधायक श्री राय सहित अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और



स्वस्थ जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु रहें। रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि रविवार को दोपहर दो बजे लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख करेंगे। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीजी सुशील मल्होत्रा, डॉ. सुनीता सिसोदिया, डॉ. पुष्पा कन्नोजिया, डॉ. मालती आर्य, डॉ. राजश्री मोदी, रोटरी क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एसआर गट्टानी, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर रघुनंदन निगोदिया, प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. गौरव ताम्रकार, अजय जैन, अर्पित पालीवाल, मयंक चड्ढा, पंकज जैन आदि शामिल थे।

डॉक्टरों के मुताबिक कैंसर के संभावित लक्षणों में स्तन में गांठ होना, स्तन में निरंतर दर्द बना रहना, महिलाओं में खून का स्त्राव होना, मुंह में छाले होना या जल्दी ठीक नहीं हो रहे हो, मुंह न खुलना या आवाज में बदलाव होना, पुरूषों में पेशाब रुक-रुककर आना, शरीर पर किसी भी घाव का लंबे समय तक ठीक न होना जैसे लक्षण शामिल हैं। कैंसर के मुख्य कारणों में तम्बाकू का सेवन करना, शराब पीना, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, रसायन युक्त खाद्य पदार्थ खाना, अत्यधिक तैलीय या कैलोरी युक्त भोजन खाना शामिल है। कैंसर की रोकथाम के लिए तंबाकू का उपयोग पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए। साथ ही धूम्रपान व शराब से बचना चाहिए।

## नवनीत गौर का राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में हुआ चयन




**बायां।** समेरिटंस विद्यालय बायां के छात्र नवनीत गौर का चयन भोपाल ज़ोन से एसजीएफआई राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता (अंडर-14 बालक वर्ग) के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता खालवा, खंडवा में आयोजित होगी। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय संचालन समिति सदस्यों, प्राचार्य श्रीमती अपर्णा तिवारी एवं कबड्डी कोच निलेश यादव ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, लगन और नियमित प्रशिक्षण का परिणाम है। विद्यालय की प्राचार्य अपर्णा तिवारी ने नवनीत गौर को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है तथा नवनीत का यह प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देगा।

## देश को आत्मनिर्भर बनाना है तो नागरिकों को खरीदने होंगे स्वदेशी उत्पाद : सन्नी महाजन



**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है।

स्वदेशी अभियान के अंतर्गत शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरव सन्नी महाजन ने देश को आत्मनिर्भर बनाने और नागरिकों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने वाले कैलेंडर का विमोचन किया। जागरूकता कैलेंडर विमोचन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के मध्य महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हम दुनिया की महाशक्ति अमेरिका को व्यापारिक रूप से टक्कर दे रहे हैं। अब चीन भी हमारे देश के सामने झुक हो गया है। प्रधानमंत्री ने देश की उन्नति तरक्की के लिए विदेश और सुरक्षा नीति में भी परिवर्तन किया है यही कारण है कि पाकिस्तान जैसे देश दुनिया में कटोरा लेकर भीख मांग रहा हैं। महाजन ने कहा कि अब हम सबको देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी स्थानीय वस्तुओं उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करना है स्थानीय दुकानदारों व्यापारियों को आर्थिक रूप से सबल बनाना है। भाजपा कार्यकर्ता शहर की सभी दुकानों पर पहुंचेंगे और यहां स्वदेशी जागरूकता कैलेंडर सभी जगह लगाएंगे। जागरूकता कैलेंडर में कौन से उत्पादन विदेशी हैं और कौन से स्वदेशी हैं इसकी जानकारी दी गई है।

## संभाग स्तरीय बालरंग समूह गान में ब्लू बर्ड स्कूल विजेता

**अब राज्य स्तर पर करेगा भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व**



**सीहोर।** भोपाल में शनिवार को शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भोपाल संभाग के विभिन्न जिलों—भोपाल, रायसेन, राजगढ़, हरदा, होशंगाबाद, सीहोर एवं विदिशा—से आए छात्र-छात्राओं ने विविध कलात्मक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।समूह गान की अंडर-14 श्रेणी में सीहोर स्थित ब्लू बर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने मालवी लोकगीत की प्रस्तुति देकर सभी जिलों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही विद्यालय का दल अब 13 अक्टूबर को होशंगाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय बालरंग समारोह में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेगा।ब्लू बर्ड स्कूल के विजयी दल में प्रिंस प्रजापति, मितांश खरे, रिषित पाटीदार, ऋषभ राठौर, पवित्रा मंत्री एवं कनिष्का राठौर शामिल थे। इन विद्यार्थियों ने मालवी भाषा में लोकगीत प्रस्तुत किया, जिसे विद्यालय के संगीत शिक्षक अजय मेवाड़ एवं मधुर सक्सेना के मार्गदर्शन में तैयार किया गया।इसके अतिरिक्त, विद्यालय के छात्र अंश विश्वकर्मा ने एकल तबला वादन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, संगीत प्रेमियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

### आदर्श विश्वकर्मा कल्याण महासभा भारत के जिला अध्यक्ष नियुक्त



**सीहोर।** आदर्श विश्वकर्मा कल्याण महासभा भारत के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा की सहमति से, प्रदेश अध्यक्ष दयाराम निमोदिया एवं प्रदेश सचिव स्वदेश विश्वकर्मा (मय प्रकोष्ठ) की अनुशंसा पर शैलेन्द्र विश्वकर्मा को जिला सीहोर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र विश्वकर्मा ने महासभा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज की सेवा के साथ मय वंशी संगठन को मजबूती और युवाओं को जोड़ने के लिए सतत कार्य करेंगे।

इस अवसर पर जिला सीहोर के सभी मय वंशी विश्वकर्मा समाज के समाजजनों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की समाज के वरिष्ठ डॉ अशोक विश्वकर्मा शिवनारायण विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा ,संदीप विश्वकर्मा दिनेश विश्वकर्मा राजेश विश्वकर्मा प्रेम नारायण विश्वकर्मा बृजेश विश्वकर्मा सुनील विश्वकर्मा निलेश विश्वकर्मा, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, सहित सभी मय वंशी ने ब धाई दी है।

**बारिश के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई**

# तेज हवा के साथ हुई जोरदार बारिश से खेतों में खड़ी फसलें डूबीं, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

अक्टूबर के पहले सप्ताह में हो रही लगातार बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में लगी फसलों की कटाई की तैयारियों में जुटे किसानों की मेहनत पर बारिश ने पानी फेर दिया। भैरूंदा तहसील में शनिवार की दोपहर से ही बारिश का दौर शुरू हो गया था। तेज गर्जना के साथ तहसील के कई इलाकों में तेज गर्जना और हवा के साथ तेज़ बरसात दर्ज हुई। जिसके कारण खेतों में पककर तैयार खड़ी सोयाबीन, मक्का की फसल झुक गई है। खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं किसानों का कहना है कि अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में ही रही लगातार तेज़ बारिश ने खेतों में



जलभराव की स्थिति पैदा कर दी। जिससे उनकी फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। ओर आगे भी बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही। खेतों में पानी भर गया है। इससे खेतों में लगी सोयाबीन मक्का फसल सड़ने की आशंका है। यदि अगले दो दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ तो सोयाबीन, मक्का के दाने सड़ने लगेंगे और उपज बर्बाद हो जाएगी।

किसानों की फसल सोयाबीन ,मक्का की कटाई की तैयारी चल रही थी। अब खेतों पानी भर गया है, किसानों की पूरी मेहनत पर भी पानी फिरता दिख रहा है। खेतों में फ़सल पककर तैयार खड़ी है, ऊपर से लगातार बारिश ने खेतों में पानी पानी कर दिया। बची हुई फ़सल की कटाई के भी कोई रास्ता नहीं बचा है।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत पशुपालन विभाग कर रहा है घर-घर जाकर संपर्क




**सीहोर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मन्शानुरूप मध्य प्रदेश को पशुपालन से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी पंक्ति में लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे दुग्ध सम्रद्धि संपर्क अभियान 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक 10 या 10 से अधिक को भैंस वंशीय पशु धारक पशुपालकों के घर-घर जाकर पशु चिकित्सक,सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी व मैत्री द्वारा घर-घर जाकर पशुपालकों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जान रहे हैं एवं उन्हें उन्नत पशुपालन पशु पोषण नस्ल सुधार सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग एंब्रियो ट्रांसफर तकनीक पशुओं का बीमारी से बचाव हुआ। टीकाकरण के बारे में जानकारी दी जा रही है। उक्त अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर गांधी जयंती से किया गया है। इसके अंतर्गत सीहोर जिले में सभी चयनित ग्रामों में विभाग का अमला घर-घर जाकर संपर्क कर रहा है।

### विजयादशमी पर्व आयोजन के दौरान सर्वश्रेष्ठ झांकियों को किया सम्मानित

# उत्कृष्ट प्रस्तुतियों पर सम्मानित हुईं राजगढ़ की विभिन्न झांकी समितियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गणेशोत्सव एवं नवरात्र के दौरान नगर के दर्जनों स्थानों पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश एवं माताजी की प्रतिमाएं स्थापित करते हुए झांकी समितियों द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुतियां एवं व्यवस्थाएं की गई थीं। कुछ झांकियों पांडालों में जहां प्रतिदिन भंडारों, कन्या भोज इत्यादि के आयोजन हुए तो कहीं श्रृद्धालुओं के लिए अन्य तरह की उत्कृष्टतम व्यवस्थाएं समितियों द्वारा की गई थीं। ऐसे में विजयादशमी पर्व के अवसर पर दशहरा मैदान में आयोजित समारोह में समाजसेवी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष हरिचरण तिवारी द्वारा विभिन्न झांकी समितियों के आयोजक एवं पदाधिकारियों के उत्साहवर्धन हेतु शील्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। अलग-अलग मापदंडों के आधार पर चयन समिति द्वारा विभिन्न झांकी समितियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से नवाजा गया।

#### गणेशोत्सव की इन समितियों को मिला सम्मान

10 दिवसीय गणेशोत्सव पर्व के दौरान राजगढ़ नगर में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रही बड़ चौक स्थित मां बीजासन उत्सव समिति को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। समिति अध्यक्ष उदय सिंह पंवार व टीम ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इसी तरह अंजनीलाल मंदिर समिति, खिलचीपुर नाका एवं लाल माता ग्रुप को संयुक्त रूप से द्वितीय एवं डमरू ग्रुप, पाड़ाखाना को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

#### नवरात्रि में इन झांकियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

शारदेय नवरात्र के दौरान सजाई गई झांकियों में त्रिशूल मित्र मंडल को प्रथम, एकता ग्रुप को द्वितीय एवं महाकाल ग्रुप पुरा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों से अपेक्षा की गई की वे आगे भी इसी तरह नगर के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें।




#### त्रिशूल मित्र मंडल द्वारा विशाल नगर भंडारा 7 को

इसी कड़ी में नाका नंबर-3 स्थित त्रिशूल मित्र मंडल द्वारा आगामी 7 अक्टूबर को विशाल नगर भंडारे का आयोजन भी रखा जा रहा है। इसके लिए समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। भंडारे में हजारों श्रृद्धालु माता की प्रसादी गृहण करने पहुंचेंगे। भंडारा आयोजन के चलते समिति द्वारा अभी माता की प्रतिमा का विसर्जन भी नहीं किया गया यद्यपि विधि-विधान अनुसार अन्य धार्मिक अनुष्ठान जरूर पूरे कर लिए गए हैं।

# सितंबर का राशन लेने से चूके उपभोक्ता पांच अक्टूबर तक ले सकेंगे लाभ

### कृषकजनों की सुविधा के दृष्टिगत जिला प्रशासन का फैसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गत सितंबर माह में राशन लेने से चुके पात्र हितग्राहियों के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। ऐसे उपभोक्ता जो किन्हीं कारणों से सितंबर तक अपना राशन नहीं ले पाए उनके लिए प्रशासन ने राशन लेने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर कर दी है।

जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अन्य खाद्य योजनाओं के माध्यम से जिले के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निरंतर लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी परिवार को आने वाले समय में योजनाओं से वंचित न होना पड़े, इस हेतु शासन ने इस बार विशेष निर्देश जारी किए हैं।

#### खरीफ कटाई के कारण बढ़ाई गई तारीख

गौरतलब है कि सितंबर माह में खरीफ फसलों की कटाई, त्यौहारों की व्यस्तता व अन्य कारणों से बड़ी संख्या में उपभोक्ता, कृषकगण समय पर राशन दुकानों तक नहीं पहुंच पाए। इस स्थिति को देखते हुए शासन ने सितंबर माह के राशन वितरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 5 अक्टूबर तक कर दिया है। अब उपभोक्ता इस अवधि में निर्धारित पात्रता अनुसार राशन ले सकेंगे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि वे उपभोक्ताओं को राशन वितरण के साथ-साथ ई-केवाईसी भी अवश्य कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी समय में ई-केवाईसी पूर्ण होने पर ही उपभोक्ताओं को योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। अतः प्रत्येक परिवार को यह कार्य समय पर पूर्ण करने की आवश्यकता है।

## नाबालिग बालिका दस्तयाब, आरोपी को गिरफ्तार किया

**नरसिंहगढ़।** मंगलवार को पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बीते 23 सितंबर को फरियादी द्वारा नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष के बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन के लिए टीम गठित की थी। पुलिस टीम के प्रयासों से बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी संजय पिता देव सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुरा, जिला सीहोर एवं उसके सहयोगी मोनू प्रजापति निवासी सूरजपोल, नरसिंहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

## उल्लास और श्रद्धा के साथ हुआ मातारानी की प्रतिमाओं का विसर्जन

**नरसिंहगढ़।** नवरात्रि पर्व का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान मातारानी की प्रतिमाओं का विधिविधान से बांडा स्थित बेदरा तालाब पर नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में झांकी समितियों द्वारा विसर्जन किया। इस मौके पर जुलूस के रूप में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सजी झांकियां ढोल-ढमाकों और भक्ति गीतों के बीच विसर्जन स्थल तक पहुँचीं। इस दौरान युवा भक्तों ने जमकर नृत्य कर उत्साह बढ़ाया। शहर में उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के दो दर्जन से अधिक झांकी पंडालों से प्रतिमाएं विसर्जन के लिए लाई गईं। विसर्जन कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी मिनी शुक्ला, टीआई शिवराज सिंह चैहान, सीएमओ अभिषेक जैन सहित पुलिस-नपा टीम और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए

# श्री खाटू श्याम मंदिर में भक्तों का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पापांकुशा एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को ब्यावरा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। अनुमान के मुताबिक 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए। मंदिर प्रबंधन समिति ने इस अवसर के लिए विशेष तैयारियां की थीं। उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो गेंदे के फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसने भक्तों को खूब आकर्षित किया। सुबह की आरती से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। दोपहर की आरती तक मंदिर प्रांगण पूरी तरह से खचाखच भरा रहा। शहर के अलावा आसपास के गांवों और पूरे जिले से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे।

**पापांकुशा एकादशी पर कई गांवों से ढोल-ढमाकों और डीजे के साथ निशान यात्राएं मंदिर पहुंचीं :** शहर की पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक विशाल निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष बाबा का निशान लेकर शामिल हुए और उसे श्रद्धापूर्वक बाबा श्याम को समर्पित किया। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सिटी थाना पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ी मंदिर परिसर और आसपास तैनात की गई थी। नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन कराने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। भीड़ के दबाव के कारण प्रशासन ने हाइवे का रूट डायवर्ट कर भारी वाहनों को वन-वे मार्ग से निकाला। हिंदू धर्म में पापांकुशा एकादशी का विशेष महत्व है। यह प्रतिवर्ष आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति के जाने-अनजाने सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और व्रती को सुख-समृद्धि तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है।



#### पुलिस ने लगाया अतिरिक्त बल

सिटी थाना ब्यावरा पुलिस बल एवं अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था अत्यधिक भीड़ को देखते हुए की गई। इसके अलावा नगर रक्षा समिति के सदस्यों द्वारा हर ग्यारस को निरंतर सेवा दी जा रही है। खाटू श्याम मंदिर धाम पर हर एकादशी पर नरेन्द्र सिलावट नगर रक्षा समिति अध्यक्ष, राजा राम दांगी, अखिलेश गौड़, राहुल लश्करी, जितेंद्र सिलावट, श्रीपाल राजपूत, सागर सिंह जाटव, अरुण जाटव आदि ने सुरक्षा व्यवस्था में सेवाएं दी।

## आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में फल वितरण कर मनाई गांधी जयंती



**कुरावर।** महात्मा गांधी महाविद्यालय कुरावर के छात्रों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांधी जयंती के उपलक्ष्य में गांधी जी के आदर्श को ध्यान में रखते हुए की देश और समाज की सेवा करना ही गांधीजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसलिए विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में फल वितरण किए एवं संकल्प लिया कि हम महात्मा गांधी के आदर्शों का सम्मान करते हुए, दूसरों की सेवा में अपना योगदान देने का संकल्प लेते हैं। इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी महाविद्यालय कुरावर का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## आकर्षक आतिशबाजी के साथ सारंगपुर में दो स्थानों पर हुआ रावण के पुतले का दहन



**सारंगपुर।** हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के तत्वावधान में विजयादशमी पर्व पर शुक्रवार को नगर में रावण के पुतले दहन का आयोजन किया गया। परंपरा अनुसार दो स्थानों पर रावण के पुतले बनाए गए जो आकषर्क थे हिन्दू उत्सव समिति की और से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी की झांकी सजाई गई थी अखाड़े के साथ चल समारोह नगर के प्रसिद्ध अम्बे माता मंदिर से पूजन कर निकाला गया जो मुख्यमार्ग होते हुए पुराना दशहरा मैदान पहुंचा, पुराने दशहरा मैदान में शाम 6 बजे 31 फीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया गया। मां शक्ति दुर्गा की पूजा अर्चना कर रावण के पुतले का दहन किया। वहीं नए बस स्टैंड पर 65 फीट ऊँचे रावण का दहन आकर्षक आतिशबाजी के साथ किया गया। रावण दहन के पूर्व हिन्दू उत्सव समिति की और से मंचासीन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका संचलन सुशील व्यास,हरीश सोलंकी ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित पूर्व विधायक कुंवर कोठार, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल नपा उपाध्यक्ष भावना वर्मा एवं पूर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमानजी की झाकी की पूजा अर्चना की। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला एवं समिति पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में आकर्षक आतिशबाजी हुई, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, तहसीलदार आकाश शर्मा, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, अशोक साहू, दिनेश सिसोदिया, वैभव पुष्पद, सतीश मिश्रा, सतीश राठौर, सतीश गिरजे अमित दुबे, नवीन रुण्डवाल, राजेश बंसल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शुक्रवार को फिर हुई सड़क दुर्घटना, किसान की मौत पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

# कई बार हो चुके सड़क हादसे, फिर भी नहीं लिया एनएचआई ने सबक

**हार्वेस्ट के साथ युवक की करंट की चपेट में आने से मौत**

**सारंगपुर।** शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में हाजीपुर के किसान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना में बजरंग कॉलोनी के युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पहली घटना की जानकारी में आया कि सारंगपुर से उपज बेच कर अपने गांव सईदाबाग जा रहे किसान मोहन मेवाड़ा की नेशनल हाईवे पार करते समय पंजाबी समाज की टूरिस्ट बस की टक्कर से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार आकाश शर्मा ने समझाइश देकर जाम खुलवाया।



पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। लेकिन उस जगह कई हादसे हो चुके है फिर भी एनएचआई ने सबक नहीं लिया और शुक्रवार को फिर हुई सड़क दुर्घटना में किसान की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में सुमित परमार निवासी बजरंग कॉलोनी की खेत में करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक खेत में हाइवेस्टर से फसल कटवा रहा था, तभी करंट के तार की चपेट में आ गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा, जहां से पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया।

# भक्ति भाव के साथ माता रानी को किया गया विदा, प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

### छापी डेम पर सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शारदीय नवरात्रि महोत्सव के समापन अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ नगर के छापी बांध पर किया गया। गरबा पंडाल एवं झांकियां में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई थीं।

सुबह से मां दुर्गा भवानी के विराजित स्थल विसर्जन के लिए हवन किया गया एवं विसर्जन शोभायात्रा में भक्ति गीतों, डीजे की धुनों और जयकारों के बीच भक्तों ने माता रानी को विदाई दी। नगर के प्रमुख मार्गों बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंदर चौराहा, आवास कॉलोनी होते हुए छांपी बांध पर माता की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। शोभायात्रा का समापन स्थानीय जलाशय छापीडेम पर हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। छापी डेम पर सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए जहां पर थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा पुलिस बल ,नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा द्वारा परिषद कर्मचारी व मछुआरा टीम लखन मेवाड़ा द्वारा सभी प्रतिमाओं को नाव में रहकर छापीडेम में विसर्जित किया गया इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता से सुख-समृद्धि और नगर के कल्याण की कामना की। वातावरण जय माता दीके नारों से गूंज उठा और भक्त भाव-विभोर होकर विदाई में शामिल हुए।



### नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया

# खुजनेर नगर में संघ का पथ संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वार्षिक पथ संचलन खुजनेर नगर में बड़े ही अनुशासन और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरे इस संचलन में स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। संचलन के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत कर पुष्पवर्षा की और स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर खंड संचालक दिलीप नागर एवं विभाग सहकार्यवाह भगवान सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक धर्मेंद्र सिंह बघेल ने स्वयंसेवकों एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया।

मुख्य वक्ता धर्मेंद्र बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत भूमि प्राचीन काल से ही विश्व गुरु एवं सोने की चिड़यिा रही है। हमारा इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है, लेकिन आत्मविस्मृति के कारण हिंदू समाज अपने पूर्वजों और अपनी परंपराओं को भूल गया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हम पराधीनता में पहुंचे। उन्होंने कहा कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने गहन मंथन किया और यह निष्कर्ष निकाला कि गुलामी के पीछे तीन मुख्य कारण रहे- आत्मविश्वास का अभाव, एकलवाद की प्रवृत्ति, अनुशासनहीनता। धर्मेंद्र बघेल ने उदाहरण देते हुए कहा कि "चार हिंदू एक दिशा में चलते थे तो पाँचवाँ उनके कंधे पर होता था। समाज को एकजुट करना उस समय मानो जिंदा मेंढक को तौलने जैसा कठिन कार्य था।" मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में संघ के पंच परिवर्तन एवं शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज को समरसता, कुटुंब प्रबोधन, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ एक दिशा में आगे बढ़ना होगा।




#### संचलन का नगरभर में किया स्वागत

पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक अनुशासित कदमताल करते हुए शामिल हुए। गणवेश में सुसज्जित स्वयंसेवकों ने जब नगर की सड़कों पर कदमताल किया तो वातावरण अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा। नगरवासियों ने मार्ग में पुष्पवर्षा कर तथा स्वागत द्वारों से अभिनंदन कर संघ की इस परंपरा का स्वागत किया। समापन में धर्मेंद्र बघेल ने समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया और कहा कि यदि हम आत्मविश्वास, समरसता और अनुशासन को अपने जीवन का अंग बनाएंगे, तो भारत पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित होगा।



## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

**देवास।** जिले में भावांतर योजना के क्रियान्वयन के संबंध में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम देवास आनंद मालवीय, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, किसान संघ के पदाधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति के व्यापारीगण, कृषकगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने कहा कि भावांतर योजना के तहत किसानों के पंजीयन शुरू हो गए है। भावांतर योजना के तहत जिले में 17 अक्टूबर तक पंजीयन होगा और जिले की मंडियों में 24 अक्टूबर से खरीदी शुरू होगी। उन्होंने कहा कि जांच दल बनाये गए है। व्यापारी रिकार्ड प्रबंधन अच्छे से करें। भावांतर पंजीयन देखकर किसानों का सोयाबीन कम भाव पर खरीदने पर कार्यवाही की जाएगी। भावांतर योजना के तहत अनुभाग स्तर पर बैठक होगी। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि भावांतर योजनांतर्गत सोयाबीन के पंजीयन जिले की समस्त बहुद्देशीय सेवा सहकारी समिति के माध्यम से निःशुल्क किए जाएंगे। साथ ही एम.पी. ऑनलाइन, कामन सर्विस सेन्टर के कियोस्क पर लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन की व्यवस्था भी है।

### आबकारी विभाग ने चार प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। आबकारी वृत्त देवास अ एवं ब में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिसमें मुखबिर की सूचना के आधार पर मक्सी रोड पर खुशबू होटल एवं होटल दा साहब एवं अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई,जिसमे एक मोटर साइकिल,159 पाव देशी मदिरा 24 केन बियर एवं 46 पाव विदेशी मदिरा जब्त की गई।

## आष्टा नगर पालिका में भ्रष्टाचार, लापरवाही के कई मामले उजागर

# सांसद बोले लिखित शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई, विधायक बोले एफआईआर कराएंगे

### पीएमओ कार्यालिय तक हुई शिकायत के बाद भी अब तक नहीं हुई कार्रवाई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भ्रष्टाचार व शासकीय कार्यों में लापरवाही किस कदर जारी है उसके कई उदाहरण देखने को मिल जाएंगे। भ्रष्टाचार, लापरवाही के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी सीहोर जिले में कलेक्टर सहित अन्य जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने को लेकर लाचार बने हुए हैं। दरअसल सीहोर जिले में इस समय भ्रष्टाचार चरम पर है। हालत ऐसे है की नेता हो या अधिकारी हर तरफ सिर्फ कमाई ही कमाई की तरफ नजर किए हुए हैं। यही कारण है कि जमीनी कार्यों पर किसी का भी ध्यान नहीं है। गौरतलब है की सीहोर जिला हमेशा से सरकार की प्राथमिकताओं में रहा है। दरअसल केंद्रीय कृषि मंत्री एवं 18 वर्षों से अधिक समय तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला होने के कारण सीहोर हमेशा से प्राथमिकता वाला जिला रहा। लेकिन इस समय सीहोर जिले में ऐसी स्थितियां बनी हुई हैं, जो इससे पहले यहां पर कभी नहीं रही। चाहे प्रदेश सरकार की योजनाएं हो, केंद्र सरकार की योजनाएं हों या फिर अन्य शासकीय कार्य बेहद संजीदगी एवं जिम्मेदारियों के साथ उन्हें किया जाता रहा है। वर्तमान की स्थितियां इससे एकदम अलग हैं। जिले का आष्टा जहां योजनाओं को जमीन पर उतारने में फिसड्डी साबित हो रहा है तो वहीं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निपटारे में भी लगातार रैंक गिर रही है। जबकि इससे पूर्व सीएम हेल्पलाइन निराकरण में आष्टा दो बार प्रदेश में अव्वल आ चुका है। यदि भ्रष्टाचार करने वाले नगर पालिका की रैंक जारी की जाए तो निश्चित रूप से आष्टा नगर पालिका अव्वल आएगी। फिलहाल तो यहां पर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की दरकार है। लिहाजा पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान केंदीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले के आष्टा की तीन वर्षों में क्या गत हो गई है यह वर्तमान हालत देखकर ही अंदाजा लगा लीजिए। जहां लगातार भ्रष्टाचार के कई बड़े और संगीन मामले सामने आ रहे हैं लेकिन प्रशासन के नुमाइंदो के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है हालत ऐसे है की भ्रष्टाचार को रोकने में क्षेत्रीय सांसद, विधायक भी बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं और बिगड़ैल, अड़ियल अफसर शाही पर कोई लगाम दिखाई नहीं पड़ती है

#### भ्रष्टाचार पर जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

आपको बता दें कि जिले की आष्टा नगर पालिका इन दिनों भ्रष्टाचार का गढ़ बनी हुई है और यह एक के बाद एक भ्रष्टाचार के बड़े मामले सामने आ रहे हैं आलम ऐसे हैं कि कई शासकीय योजनाओं में अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर करोड़ों रुपए की बंदरबाट कर डाली है जिम्मेदारों की खामोशी के चलते हालत ऐसे है की आष्टा नगर पालिका में भ्रष्टाचारी दानव बेखौफ होकर जनता के पैसे को सीधा सीधा डकार रहे हैं और तो और पीएमओ कार्यालय तक शिकायत होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन भी कार्यवाही के नाम पर लीपापोती करने में लगा हुआ है यूं तो आष्टा नगर पालिका में बीते तीन वर्षों में कई योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाकर करोड़ों रुपए की बंदरबाट की गई है लेकिन ताजा मामले में अमृत योजना 2 के नाम जहां करोड़ों रुपए का खेल खेला गया है और उसकी शिकायत तो पीएमओ कार्यालय पहुंच गई है

#### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी अटल प्रतिमा

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 64 लाख रुपए से अधिक लागत की प्रतिमा में बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है जिसके चलते इस प्रतिमा को लगे 2 वर्ष हो गए हैं लेकिन हर छोटे छोटे कार्यों का भूमिपूजन कर वाहवाही बटोरने वाली नपा अब तक इस अटल प्रतिमा का अनावरण तक नहीं कर पाई है और इसका सबसे बड़ा कारण जो सामने आ रहा है उसमें अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की भनक भाजपा के शीर्ष नेताओं तक पहुंचना भी है जिसके कारण कोई भी मंत्री या स्थानीय सांसद, विधायक भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी इस अटल प्रतिमा का अनावरण नहीं करना चाहते है ऐसे में शहर सहित पूरे जिले में कांग्रेस भी इस अटल प्रतिमा का मुद्दा उठा रही है और आने वाले दिनों में धरना प्रदर्शन कर आंदोलन कर भाजपा को घेरने की रणनीति बना रही है वही अब शहर की जनता भी ईमानदार सांसद के रूप में छवि बनाने वाले क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सोलंकी और स्थानीय विधायक गोपाल इंजिनियर पर सवाल खड़े कर रहे हैं और भ्रष्टाचार पर कार्यवाही होने के चलते बेबस और लाचार होने के आरोप लगा रहे हैं लोगों को कहना है की वर्षो बाद शहर की जनता ने भाजपा पर भरोसा जता कर नगर पालिका में बिठाया था और स्मार्ट सिटी के सपने संजोए थे लेकिन स्मार्ट शहर बनाने के बजाय भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने स्मार्ट तरीके से भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ दिए है जबकि स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया स्वयं नगर पालिका में शासकीय योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठा चुकी है ऐसे में सांसद, विधायक इतने लाचार हो गए है कि भ्रष्टाचार दानवों पर कार्यवाही नहीं करवा पा रहे है।

#### शिकायत मिली तो करेंगे कार्रवाई



मेरे पास कोई भी शिकायत लिखित में नहीं आई है यदि लिखित में प्रमाण के साथ शिकायत आती है तो सम्बन्धित एजेंसी से उसकी जांच करवा कर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करवाऊंगा।
**महेंद्र सोलंकी**, सांसद

#### शिकायत मिली तो करेंगे कार्रवाई



खबरों के माध्यम मामले संज्ञान में है जल्द जावर, कोठरी, आष्टा सीएमओ की बैठक लूंगा और कार्यवाही के लिए कहूंगा। यदि मामले में कोई भीह दोषी पाए जाते हैं, तो एफआईआर भी दर्ज करवाएंगे।
**गोपाल इंजिनियर**, विधायक आष्टा

## तीसरे दिन कजलास में मनाया दशहरा पर्व

### कजलास मे उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विजयादशमी के तीसरे दिन शनिवार को परम्परानुसार जावर तहसील के समीपस्थ ग्राम कजलास मे आदर्श दशहरा उत्सव समिति के तत्वधान मे प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरा पर्व मनाया गया। दशहरा के उपलक्ष्य मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

#### दशहरे मेले में बारिश के कारण हल्की रही रोनक

परम्परानुसार दोपहर 2 बजे श्रीराम मंदिर से रामबारात प्रारम्भ हुई जो ग्राम के मुख्य मार्ग से होती हुई बैण्ड-बाजे, ढोल-ढमाके, के साथ बस स्टेण्ड स्थित रामलीला मैदान पहुंची जहां रामलीला का शानदार मंचन कलाकारो द्वारा किया गया। इस दौरान हल्की बारिश होने के कारण भी हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे। शोभायात्रा मे रथ पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भगवान हनुमान जी भी सवार होकर राम बारात मे चल रहे थे। रावण दहन के पूर्व निकली श्रीराम बारात का जगह-जगह फुलो की वर्षा कर स्वागत किया गया एंव राम रावण युद्ध के पश्चात शाम 7 बजे रावण का रंग बिरंगी आतिशबाजीयो के साथ दहन किया गया वही लोगो ने एक-दुसरे के गले मिलकर बधाई दी। रात्री को स्थानीय दशहरा मैदान बस स्टेण्ड पर अनेको कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा। हिन्दु उत्सव समिति, श्री आर्दश रामलीला एवं दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष व सदस्य आदि ने दशहरा उत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने पर ग्राम वासियों, प्रशासन, पुलिस प्रशासन व क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया।




# किसानों का मुआवजा कौन चोरी कर रहा: ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कल मध्य प्रदेश सरकार द्वारा खराब हुई फसल के मुआवजे को लेकर जो सूची जारी की गई उसमें सीहोर जिले का नाम नहीं होने पर अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिले के किसानों को मुआवजे से वंचित रखना किसानों के साथ अन्याय है। जब हमारे आसपास के जिले भोपाल देवास शाजापुर हरदा में किसानों को खराब हुई फसल का मुआवजा दिया जा रहा है तो फिर बीचो-बीच स्थित पुरा सीहोर जिला इससे वंचित क्यों रखा गया। सीहोर जिले के किसानों के मुआवजा की चोरी कौन कर रहा है,इसका जिम्मेदार कौन है। हरपाल ठाकुर ने सीहोर जिले के किसानों एवं आम नागरिकों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा है कि सीहोर जिले के किसानों को खराब हुई फसल के मुआवजे से वंचित रखने पर आप लोगों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक सुदेश राय, गोपाल इंजीनियर, विधायक व मंत्री करण सिंह वर्मा, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, सांसद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भोपाल सांसद आलोक संजर शर्मा, देवास सांसद महेंद्र सोलंकी से सवाल पूछना चाहिए कि आखिर हमारे जिले के किसानों का क्या कसूर है जो हमारे आसपास के जिलों में सब जगह किसानों को मुआवजा राशि दी जा रही है और सीहोर को क्यों छोड़ दिया गया है। इसके साथ यह भी पूछिए कि पिछले वर्ष भी सीहोर जिले के किसानों की 80 प्रतिशत सोयाबीन की फसल खराब हो गई थी। पिछले वर्ष का किसानों को मुआवजा क्यों नहीं दिया गया और ना ही वास्तविक रूप से बीमा दिया गया यह न्याय सीहोर जिले के किसानों के साथ क्यों किया जा रहा है। हरपाल ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूछा की सीहोर जिले के चारों विधायक भाजपा के सीहोर जिले के अंतर्गत आने वाले तीनों सांसद भाजपा के सीहोर जिला पंचायत भाजपा, जनपद भाजपा की नगर पालिका और नगर पंचायत भाजपा की इतना देने के बाद भी हमारे साथ अन्याय क्यों क्या अब भाजपा नेताओं को किसान और नागरिक अपनी जमीन और अपनी संपत्ति भी उनके नाम करवा दे तब उनका पेट भरेगा शर्म आना चाहिए भाजपा के नेताओं को किसानों का हक मारा जा रहा है और सीहोर के विधायक सांसद मंत्री चुप है। हरपाल ठाकुर ने सीहोर विधायक सुदेश राय से पूछा कि आप किसान नहीं हो बिजनेसमैन हो तो आपको किसान की बात करने में डर क्यों लग रहा है की सरकार मेरे धंधे के ऊपर तिरछी निगाह ना कर ले गोपाल सिंह इंजीनियर आप भी किसान की बात नहीं रख रहे हो। क्या आपको अपना टिकट काटने का डर है मंत्री करण सिंह वर्मा आपको अपने मंत्रिमंडल से बाहर जाने का डर है। रमाकांत भार्गव आपको क्या सवाल पूछने से यह डर लग रहा है की शिवराज जी नाराज हो जाएंगे तो अगली बार अपने बेटे कार्तिकेय को चुनाव ना लड़ा दे इसलिए आप सब लोग किसानों के हक की बात अपनी सरकार से नहीं कर पा रहे हो आप लोगों को शर्म आना चाहिए आप लोगों को यदि आप लोग किसानों के हक की बात नहीं कर सकते तो अपनी जनता से माफी मांगते हुए यह कह दीजिए कि हमारी मजबूरी यह हम नहीं बोल सकते। हरपाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से कहा कि आप मुख्यमंत्री हो आपको भेदभाव नहीं करना चाहिए और तत्काल सीहोर जिले के किसानों को खराब हुई फसल का मुआवजा एवं पिछले वर्ष खराब हुई फसल का मुआवजा एवं बीमा देना चाहिए।

# खेल प्रतियोगिताएं हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान करती: रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। इससे हमारे अंदर नेतृत्व के गुण विकसित होते है, वही हमारी सामरिक बुद्धि को भी मजबूती मिलती है और हमें संघर्ष के साथ सामर्थ्यपूर्ण व्यवहार करने का मौका देता है।

उक्त आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने स्थानीय सुभाष मैदान पर आष्टा ग्रीन के तत्वावधान में आयोजित सोनालिका ट्रैक्टर फुटबॉल कप 2025 के शुभारम्भ अवसर पर व्यक्त किए. शुभारंभ अवसर पर पहले फुटबॉल टूर्नामेंट मैच आष्टा रियल एफसी एवं जावरा एफसी के बीच खेला गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा एवं विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता ने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विजय होने की शुभकामनाएं दी. प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 31000 रुपए हरेंद्रसिंह ठाकुर की ओर से एवं द्वितीय पुरस्कार 15000 इंस्पायर कोचिंग क्लासेस के संचालक सैयद आरिफ अली द्वारा दिया जायेगा।

प्रतियोगिता के विशेष सहयोगी जितेंद्र सोनी दादा जय श्री ज्वेलर्स, द्वारका दादा सोनी राजहंस, डॉ नाजिम खान, राकेश परमार है. इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष पत्रकार सलमान खान, कमिश्नर पंकज यादव, दानिश अली, सुशील कुशवाह, नफीस खा, हैदर खा, रानू अली, तोसीफउद्दीन, फैजुद्दीन, नासीर पठान, फैजल खा, अली खा आदि मौजूद थे. संचालन कुशलपाल लाला द्वारा किया गया।

## शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण के साथ सेवा पखवाड़े का समापन

# स्वच्छता एक अभियान नहीं बल्कि जन आंदोलन है: विधायक





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगत सिंह स्नातक महाविद्यालय में दिनांक 4 अक्टूबर को सेवा पखवाड़े का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक गोपाल इंजीनियर विशेष अतिथि नगर मंडल अध्यक्ष विशाल चैरसिया रहे। तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने की। इस अवसर पर माननीय विधायक गोपाल सिंह जी इंजीनियर ने अपने विस्तृत उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि ''स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है। जब प्रत्येक नागरिक अपने परिवेश को स्वच्छ रखेगा तभी देश स्वस्थ और विकसित बन सकेगा।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में स्वच्छता को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य हो रहा है, जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। विशेष अतिथि विशाल जी चैरसिया ने अपने संबोधन में युवाओं की स्वच्छता में भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। युवा पीढ़ी समाज में स्वच्छता और अनुशासन की भावना फैलाने में अग्रणी भूमिका निभा सकती है।"
महाविद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा पखवाड़ा जैसे आयोजन छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भावना और अनुशासन का विकास करते हैं।

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिनमें भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, चित्रकला तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

समारोह में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ एवं एनएसएस वा एनसीसी स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम आभार प्रदर्शन डॉ. ललिता राय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर दीपेश पाठक शशांक दुबे दीपक मालवीय डॉक्टर मेघा जैन डॉक्टर मधुरानी, डॉ अमिला पटेल, जगदीश नागले, राजेश्वर भूतिया, वसीम खान, मुकेश परमार, वैभव सुराणा महेंद्र सक्सेना, सतेंद्र सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, माधुरी उपाध्याय, रुकिशोर शर्मा, बने सिंह मेवाड़ा, राहुल प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# प्रसिद्ध खुटालिया धाम सरकार के यहां पहुंचे कार्तिकेय चौहान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिवस आष्टा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान केंदीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय चौहान क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थान श्री खुटालिया बैकुंठ धाम पर पहुंचे ।

वहां कार्तिकेय चौहान ने ख़ुटलिया धाम के श्री धाम सरकार से आशीर्वाद प्राप्त कर धार्मिक विषय पर चर्चा की।इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के सीहोर जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र पाटीदार मौजूद रहे ।इस दौरान धाम सरकार के पुत्र जिला महामंत्री महेंद्र ठाकुर धाम, कुलदीप ठाकुर, चरण सिंह ठाकुर ने कार्तिकेय चौहान का भव्य रूप से अगवानी करते हुए स्वागत सत्कार किय।